प्रकाशनार्थ

20 अप्रैल, 2025 गोरखपुर

सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा झूलेलाल मंदिर के पास गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सावन कृपाल रूहानी मिशन ने लोगों को रक्तदान के विषय में फैली भ्रांतियों को दूर किया। इससे किसी प्रकार कमजोरी नही होती है अपितु उपरोक्त लाभ स्वयं के शरीर को मिलता हैै और बताया कि अपने मन से हर तरह कि शंका को निकालते हुए नियमित रक्तदान करें। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह पश्चात् सुरक्षा पुर्वक रक्तदान कर सकता है।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और बताया कि किसी भी आपातकाल से निपटने हेतु अथवा उन रोगियों को जिन्हे रक्त की बार-बार अवश्यकता पडती है। ऐसे रोगियों को इन रक्तदाताओं के बल पर ही ब्लड बैंक इनकी मदद् कर पाती है तथा रक्तदान करके हम केवल दुसरों का ही जीवन नही बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त की आवश्यकता पड़ने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी। इससे रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

इस रक्तदान शिविर में चंद्र प्रकाश सुरेश कुमार नीतीश बलानी ऋषि वालानी आशुतोष श्रीवास्तव सिमरन साधवानी के साथ लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।